पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : गुरूवार 25 जून 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

## सिंधु नदी का पानी न मिलने से पाकिस्तान परेशान

### :आर्मी चीफ भारत के खिलाफ जंग की साजिश रच रहे, LoC पर 35 ड्रोन यूनिट तैनात

**नई दिल्ली एजेन्सी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु नदी का पानी रोका, तो पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ गई हैं। पाकिस्तान ने यह मसला अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में भी लेकिन वहां भी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ। इसके बाद अब रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भारत को जंग छेड़ने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, आर्मी चीफ आसिम मुनीर जंग की साजिश रचने में जुटे हैं। नियंत्रण रेखा यानी रूश्ष्ट पर पाकिस्तानी सेना की 8 ब्रिगेड ने 35 एंटी ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। पाकिस्तान ने एआई फेंसिंग भी की है। इसके तहत टारगेटिंग और सर्विलांस को तेज किया गया है। पाकिस्तान ने हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और काउंटर ड्रोन ग्रिड भी तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से जुड़ी अपनी सीमाओं से 5 बटालियन को इस महीने की शुरुआत में ही मूव कराकर एलओसी के रावलाकोट, कोटली और भीम्बर सेक्टर में तैनात किया है। इन्हीं जगहों से पाकिस्तान भारत में आतंकियों की घुसपैठ भी करता रहा है।




## फ्रांस में गर्मी से 58 लोगों की मौत

### न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद करना पड़ा; हीटवेव की चपेट में 26 यूरोपीय देश, इटली-ब्रिटेन में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली एजेन्सी।** फ्रांस में गर्मी के कारण 58 लोगों की मौत हो गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में नहाने जा रहे हैं। इसके चलते पिछले कुछ दिनों में 40 लोगों की डूबकर मौत हो गई है। इनमें ज्यादातर युवा शामिल हैं।इसके साथ ही, 2 बच्चों समेत 18 लोगों की गर्मी में लू के चलते मौत हो गई। हीटवेव के चलते फ्रांस में गोलफेश न्यूक्लियर पावर प्लांट को सोमवार रात बंद करना पड़ा। इसकी वजह यह है कि प्लांट को ठंडा करने के लिए इस्तेमाल होने वाली गारोन नदी का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। फ्रांस ही नहीं यूरोप के 26 देश हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन, इटली और ब्रिटेन समेत 14 देशों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें से ज्यादातर देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के करीब है।

### सीए इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी:

## जयपुर के दिव्यांस जैन की ऑल इंडिया 8वीं रैंक, मई में हुई थी परीक्षा




**नई दिल्ली एजेन्सी।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने बुधवार को सीए इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। जयपुर के दिव्यांश जैन ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है, वहीं आस्था गोयल की 37वीं रैंक आई है। मई 2026 में आयोजित परीक्षाओं में शामिल हुए अभ्यर्थी अब अपना रिजल्ट आईसीएआई की आधिकारिक वेबसाइट caresults.icai.org पर देख सकते हैं। परिणाम जारी होने के साथ ही देशभर के हजारों विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। विद्यार्थी अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और रोल नंबर की मदद से रिजल्ट डाउनलोड कर सकते हैं। आईसीएआई ने परिणाम ऑनलाइन जारी किए हैं, जिससे अभ्यर्थी घर बैठे ही अपना स्कोरकार्ड प्राप्त कर सकेंगे।

## 'जिन्होंने राम को लूटा, वो देश का क्या करेंगे?' राम मंदिर कथित घोटाले पर सुरजेवाला का सरकार पर हमला

**नयी दिल्ली एजेन्सी।** कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कथित राम मंदिर भूमि संपत्ति घोटाले के मुद्दे पर केंद्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा और कहा कि राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर वर्षों पहले चेतावनी और सबूत सामने आने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गयी। सुरजेवाला ने कहा, 'जिन्होंने 'राम' को लूट लिया, वो 'देश' का क्या-क्या करेंगे, ज़रा सोचिए।' उन्होंने दावा किया कि नवंबर 2020 में एक ऑडिट फर्म ने राम मंदिर में कथित वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद न कोई कार्रवाई हुई और न ही किसी को जवाबदेह ठहराया गया।

# मानसून एमपी पहुंचा, 9 दिन लेट एंट्री :4 दिन में पूरा राज्य कवर करेगा; मुंबई में बारिश से पेड़ उखड़े, कई गाड़ियां दबीं

**नई दिल्ली एजेन्सी।** मध्य प्रदेश-गुजरात में बुधवार को 9 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई। दोनों राज्यों में मानसून आने की सामान्य तारीख 15 जून रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अगले 4 दिन में पूरे राज्य को कवर कर सकता है। इसी के साथ मानसून ने अब देश के 22 राज्यों को कवर कर दिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। वहीं, 13 दिन की देरी से मंगलवार को मुंबई में मानसून की एंट्री हुई। सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 7 बजे तक दो इलाकों मलवणी फायर स्टेशन में 334mm और एफ/साउथ वार्ड में 328mm बारिश हुई। 27 इलाकों में





200mm से 300mm के बीच बारिश हुई। मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भर गया। इसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी रिटेनिंग वॉल गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। इधर, अरुणाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज सुबह कीयी पन्योर जिले में याजाली सर्किल के नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। घटना में 3 लोग लापता हुए हैं। 18 से ज्याद घरों को नुकसान पहुंचा है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

**देश के 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी**

देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में पहुंच सकता है।

## राममंदिर चोरी: एसआईटी ने चंपत राय समेत 17 को आरोपी माना

### इन पर एफआईआर लगभग तय; टिन्नू के पास मिलीं दानपात्रों की चाबियां

**अयोध्या एजेन्सी।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिशन टीम यानी SIT ने जांच रिपोर्ट में मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत 17 लोगों को आरोपी माना है। इनके खिलाफ FIR होना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। जांच के दौरान SIT टीम को दानपात्रों की चाबियां रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास मिलीं। टीम आज फिर जांच के लिए अयोध्या पहुंच सकती है।

SIT ने ऐसे करीब 150 सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया है, जिनकी आर्थिक स्थिति में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बदलाव आया। इनमें चंपत राय के करीबी माने जाने वाले फूलकांत मिश्रा भी शामिल हैं। उनके पास 3 लग्जरी कारें हैं, जिनकी कुल कीमत 25 लाख है।

**SIT की जांच रिपोर्ट पीएमओ भेजी गई**

SIT ने मंगलवार को अपनी




जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें FIR दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का ष्टश्वह्र नियुक्त करने का भी सुझाव है।

टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है। SIT ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार की तरफ से रिपोर्ट प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को मिल गई है। पीएमओ तय करेगा कि ट्रस्ट के किन सदस्यों को रखा जाए या हटाया जाए।

**शेषावतार मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए चंपत और अनिल मिश्रा**

मंगलवार शाम राम मंदिर परिसर में शेषावतार मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। 11 संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज पूजन कराया। डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने साधु-संतों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन चंपत राय ने किया। कार्यक्रम में 4 हजार लोग शामिल हुए। इसमें दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य भी पहुंचने वाले थे, लेकिन लखनऊ अग्निकांड में 15 बच्चों की मौत के बाद दोनों ने दौरा रद्द कर दिया।

### कैसे खुली राम मंदिर चोरी की पोल

बताया जा रहा है कि सेवादारों को मंदिर में सालों से चल रहे गबन की जानकारी थी। इसमें बड़े लोगों के नाम होने के कारण वे कुछ बोल नहीं रहे थे। पिछले 2 सालों में टिन्नू का दबदबा बढ़ा तो मंदिर में काम करने वाले एक गुट को यह चुभने लगा। इस गुट ने प्लानिंग बनाकर उससे करीबी बढ़ाई। फिर सभी तथ्य पता कर इसकी जानकारी मीडिया तक पहुंचा दी।

## उज्जैन जमीन घोटाले में श्वेत पत्र जारी कर मामले की न्यायिक जांच कराए सरकार : कांग्रेस



**नयी दिल्ली, एजेन्सी।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके परिवार पर उज्जैन में जमीन खरीद में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इस पूरे मामले में श्वेत पत्र जारी कर प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।


कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद यादव के परिवार जो जमीन खरीदी है उसकी बुनियाद में विकास परियोजना खाका का तैयार करने का आरोप लगाया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री तथा उनके परिवार की सदस्यों द्वारा खरीदी गई जमीनों और बाद में घोषित विकास परियोजनाओं के बीच संबंधों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि यादव के परिवार ने उज्जैन में सैकड़ों एकड़ जमीन खरीदी है। उन पर आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद करीब 168 एकड़ भूमि खरीदी है जिसमें से 111 एकड़ जमीन उस क्षेत्र में स्थित है जहां सिंहस्थ कुंभ से जुड़े विकास कार्य प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन के जिन इलाकों में 2035 के मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य होने हैं, वहां भी मुख्यमंत्री के परिवार द्वारा जमीन खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उज्जैन और अयोध्या करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और इन क्षेत्रों से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री होने के नाते यादव को विकास योजनाओं और उनसे संबंधित फाइलों की जानकारी रहती है, इसलिए इस पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में कार्रवाई की उम्मीद नहीं है, लेकिन जनता के सामने तथ्यों को लाना विपक्ष का दायित्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या और उज्जैन से जुड़े मामलों में भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जिनका जवाब भाजपा को देना चाहिए।

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस ने इस मामले को लेकर सार्वजनिक रूप से भाजपा, मोदी और मुख्यमंत्री यादव से सवाल पूछे हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। उनका कहना था कि यदि सब कुछ पारदर्शी है और किसी तरह का घोटाला नहीं हुआ है तो भाजपा को इस पूरी प्रकरण की स्वतंत्र न्यायिक जांच से परहेज नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने नेताओं ने मांग की है कि मुख्यमंत्री यह स्पष्ट करें कि 2023 के बाद उनके परिवार ने कितनी जमीन खरीदी, क्या उन जमीनों का संबंध बाद में घोषित विकास परियोजनाओं वाले क्षेत्रों से है और सरकार क्या इन परियोजनाओं की समय सीमा और प्रक्रिया को सार्वजनिक करेगी। पार्टी ने मुख्यमंत्री के परिवार द्वारा खरीदी गई जमीनों पर श्वेत पत्र जारी करने तथा पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

## गर्भ में पल रहे बच्चे के हार्ट का इलाज: जयपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल की डॉक्टर ने ट्रांसप्लेसेंटल एंटी-अरिदमिक थेरेपी देकर 72 घंटे में हार्ट की गति सामान्य की

**जयपुर कासं।** जयपुर के महात्मा गांधी मेडिकल हॉस्पिटल में गर्भ में पल रहे एक शिशु के हार्ट का इलाज करके उसकी गति को सामान्य किया। गर्भ में पल रहे बच्चे में सुप्रावेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया (SVT) नामक गंभीर दिल की बीमारी थी। इसमें बच्चे के हार्ट की धड़कन सामान्य से कहीं ज्यादा तेज गति से धड़क रहा था। फीटल एवं पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रेरणा भट ने बताया- गर्भावस्था के 25वें सप्ताह में भ्रूण में सुप्रावेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया (



SVT) नामक बीमारी का पता चला, जिसमें शिशु का हृदय अत्यधिक तेज गति से धड़क रहा था। इस स्थिति के कारण भ्रूण को हार्ट फेलियर और गर्भ में ही मृत्यु का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था।

**इलाज के 72 घंटे बाद बच्चे की धड़कन हुई सामान्य**

डॉक्टर भट ने बताया- बच्चे की बीमारी का पता लगने के बाद इलाज शुरू किया। शिशु तक दवा पहुंचाने के लिए गर्भवती महिला को ट्रांसप्लेसेंटल एंटी-अरिदमिक थेरेपी दी गई। उपचार शुरू होने के मात्र 72 घंटे के भीतर भ्रूण की हृदय गति सामान्य हो गई, जिससे गर्भावस्था सुरक्षित रूप से आगे बढ़ सकी। लगभग दस सप्ताह तक भ्रूण की स्थिति स्थिर बनी रही, लेकिन गर्भावस्था के 35वें सप्ताह में हृदय गति संबंधी समस्या के फिर से सामने आने पर डिलीवरी करवाने का निर्णय लिया। जन्म के बाद भी नवजात में 48 घंटे तक टैकीअरिदमिया स्थिति बनी रही। विशेषज्ञों ने दो एंटी-अरिदमिक दवाओं की सहायता से इस स्थिति को नियंत्रित किया और 72 घंटे के भीतर शिशु की हृदय गति पूर्णतः सामान्य हो गई। अब नवजात स्वस्थ है तथा उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## सरकार बोली- एथेनॉल फ्यूल में चीटियां लगने का वीडियो फेक

### पेट्रोल में गन्ने का रस मिलाने की बात गलत; इंजन खराब की कोई रिपोर्ट नहीं

**नई दिल्ली एजेन्सी।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एथेनॉल फ्यूल को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाना पूरी तरह से साइंटिफिक है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वाहन के फ्यूल टैंक के पास चींटियां दिखाई गई थीं। इस पर भारत पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ईंधन ग्रेड एथेनॉल में कोई शर्करा (चीनी) नहीं होती। मंत्रालय के अनुसार, कुछ लोग पुराने वीडियो और तस्वीरों को सोशल मीडिया पर



दोबारा शेयर कर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। सरकार ने कहा कि E20 पेट्रोल डालने के बाद इंजन खराब होने की कोई रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आई है।

**E20 पेट्रोल से वाहन बीमा पर कोई असर नहीं**

केंद्र सरकार ने यह भी साफ किया है कि E20 पेट्रोल (20% एथेनॉल फ्लेक्स ईंधन) के इस्तेमाल से वाहन बीमा (इंश्योरेंस) की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ता। इस तरह की आशंकाएं गलत हैं और संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद इन्हें खारिज कर दिया गया है। सरकार के अनुसार, अमेरिका, ब्राजील और जापान जैसे देशों में एथेनॉल मिश्रित ईंधन का सफलतापूर्वक उपयोग हो रहा है। ब्राजील में तो E27 लंबे समय से ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**एथेनॉल के इस्तेमाल से सरकार ने 3 फायदे गिनाए**

1.4 लाख करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा बचीः सरकार ने बताया कि एथेनॉल प्रोग्राम की वजह से कच्चे तेल के आयात में कमी आई है। इससे देश को अब तक 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिली।

## प्रशांत किशोर बोले- बिहार संविधान से चलेगा सम्राट से नहीं

### भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में महापंचायत; 5000 लोगों की भीड़, बोले- पुलिस पर एक्शन हो



**पटना एजेन्सी।** भोजपुर के भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर के विरोध में बिलौटी गांव में महापंचायत चल रही है। इसमें जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी मौजूद हैं। इससे पहले प्रशांत किशोर ने भरत के परिवार से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

महापंचायत में पीके ने कहा कि जांच में गृह मंत्री की भूमिका की जांच होगी। एसटीएफ के अधिकारी की जांच होगी, जिसने पटना से मारने का आदेश दिया है। क्या मजिस्ट्रेट पर जांच होगी जिसने गोली चलाने के आदेश पर साइन किया है। ये बिहार के लोगों का राज है।

बिलौटी गांव से लेकर हाई-वे तक भरत तिवारी के पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें उसे शहीद बताते हुए इंसाफ की मांग की गई है।

कुछ लोग भरत तिवारी के घर तिरंगा लेकर पहुंचे। यहां सम्राट चौधरी के खिलाफ नारेबाजी की गई। भरत तिवारी अमर रहे के नारे लगे। बिलौटी गांव में करीब 1000 गाड़ियां पहुंच चुकी हैं। 5000 से ज्यादा लोग मौजूद हैं।


17 जून को भरत तिवारी का पुलिस ने एनकाउंटर किया था। बेटे की मौत के बाद परिवार ने मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए थे। मां ने पुलिस वालों के खिलाफ थाने में FIR भी दर्ज करवाई है।

मामले में SDPO, SHO और अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। बुधवार की सुबह सरकार ने जगदीशपुर SDPO राजेश कुमार शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है।

CM ने एनकाउंटर की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि ये जांच किस जज को दी जाएगी अभी ये साफ नहीं हुआ है।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

## आपसी स्नेह, सौहार्द और अपणायत की भावना से मनाएं सभी त्यौहारः जिला कलक्टर




(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर तथा जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन तथा पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा कलक्ट्रेट सभागार में ली गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि गुरुवार को निर्जला एकादशी तथा शुक्रवार को मोहर्रम का त्यौहार है। सभी शहरवासी इन त्यौहारों को आपसी समन्वय, सौहार्द और स्नेह के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि बीकानेर की अपणायत की परंपरा अपने आप में विशेष है। यह सांस्कृतिक और सामाजिक एकता वाला शहर है।शहर की संस्कृति को बनाए रखते हुए सभी मिलजुल कर त्यौहार मनाएं।

जिला कलक्टर ने कहा कि इस दौरान पुलिस और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके लिए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्जला एकादशी के दौरान लक्ष्मीनाथ मंदिर के आसपास तथा मुहर्रम के दौरान सभी संबधित स्थानों पर साफ-सफाई, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सकीय टीमों की तैनातगी सहित समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। विद्युत निगम को बिजली के ढीले तारों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। विद्युत और पेयजल सप्लाई व्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि ऐसी बैठकों में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें भी बीकानेर की साझा संस्कृति की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी शहरवासी आपसी स्नेह और संयम के साथ त्यौहार मनाएं। पुलिस और प्रशासन द्वारा इस दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएंगी।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) उम्मेद सिंह रतनू, अतिरिक्त जिला कलक्टर (नगर) रीना, उपखण्ड अधिकारी महिमा कसाना, प्रशिक्षु आइएएस मनु गर्ग, वृत्ताधिकारी पुलिस (सदर) श्रीमती अनुष्ठा कालिया, अनुज डाल, नगर निगम उपायुक्त श्रीमती दमयंती कंवर के साथ विभिन्न समाजों से सीताराम कच्छावा, रहमत अली, राजकुमार पारीक, चोरू लाल सुथार, वली मोहम्मद गौरी, दिनेश चौहान, बच्छराज नाहटा, मोहम्मद सलीम, हनीफ मोहम्मद पिंजारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और थानाधिकारी मौजूद रहे।

## ओडिशा की एक और महिला की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हुई

**चेन्नई:** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में अमोनिया गैस लीक की घटना के बाद, बुधवार को एक और महिला की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 10 हो गई. 21 जून को तिरुवल्लूर जिले के पेरियापलायम क्षेत्र में स्थित सेंट पीटर एंड पॉल सीफूड एक्सपोर्ट कंपनी में एक कूलिंग पाइप से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था. इसके कारण वहां मौजूद 77 मजदूर बेहोश पड़ गए और उन्हें इलाज के लिए चेन्नई और तिरुवल्लूर के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया. मंगलवार तक नौ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी. इस बीच, राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल (RGGGH) में इलाज करा रही एक और महिला की बुधवार सुबह मौत हो गई. इस अस्पताल में कुल 13 लोग भर्ती थे; दो की पहले ही मौत हो चुकी थी. ओडिशा की एक महिला सुभाषी जुगाना की मौत के बाद, बाकी 10 मरीजों का अभी वेंटिलेटर सपोर्ट के साथ इंटेंसिव केयर यूनिट (ICU) में इलाज चल रहा है.

ताजा अपडेट के मुताबिक, वेल्स हॉस्पिटल में भर्ती 33 लोगों में से दो लोग मंगलवार को ठीक होकर घर लौट आए, जबकि तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई. अभी 28 लोगों का इलाज चल रहा है. तिरुवल्लूर के वेंकटेश्वर हॉस्पिटल में भर्ती 19 लोगों में से एक की मौत हो गई है और 18 का इलाज चल रहा है. गवर्नमेंट स्टेनली हॉस्पिटल में भर्ती 12 लोगों में से दो की मौत हो गई है और 10 का इलाज चल रहा है. उधर, ओडिशा के चार मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया, जिनकी मौत थिरुवल्लूर सरकारी अस्पताल में हुई थी. उन्हें एम्बुलेंस से किलपौक (Kilpauk) ले जाया गया. इसी तरह, एक और पीड़ित का शव - जिसका पोस्टमॉर्टम चेन्नई सरकारी स्टेनली अस्पताल में हुआ था - को भी वहीं लाया गया. सभी पांच शवों को एम्बाम (शवलेपन) किया गया और 23 जून शाम को चेन्नई से ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर ले जाया गया.

## श्री कोडमदेसर भैरवनाथ मंदिर परिसर में जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण अभियान के दूसरे चरण का हुआ शुभारम्भ, 'भैरव उद्यान' का किया नींव पूजन

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर से करीब 25 किमी दूर श्री कोडमदेसर भैरुनाथ मंदिर परिसर में तालाब जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण अभियान के दूसरे चरण का बुधवार को विधिवत् शुभारम्भ नींव पूजन से किया गया। कम्यूनिटी वेलफेयर सोसायटी के कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि नींव पूजन कार्यक्रम में शहर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, उद्योगपति राजेश चूरा, कमल आचार्य, श्याम चौधरी, चंद्रमोहन जोशी, रामेश्वर गहलोत, अनंत श्रीमाली, दीपक सोलंकी, भगवान गहलोत, आशुराम गहलोत, भीम सेवग एवं रोहन मोदी सहित अनेक भैरव भक्त उपस्थित रहे।

सोसायटी के संरक्षक राजकुमार किराडू ने बताया कि अभियान के इस दूसरे चरण में भैरव उद्यान परियोजना के अंतर्गत हरियाली विकास, आकर्षक पाथवे, बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को सुदृढ़ करने वाले विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मंदिर परिसर को आस्था, पर्यावरण एवं पर्यटन का एक आदर्श केंद्र बनाना है। यह आस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर के निर्माण का प्रयास है। उन्होंने बताया कि जनसहयोग एवं भैरव भक्तों के सहयोग से सरोवर जीर्णोद्धार कार्य तेजी से आगे बढ़ा है और अब उद्यान विकास के माध्यम से सम्पूर्ण परिसर को एक नई पहचान प्रदान की जाएगी।

## प्रसूता शारदा मौत मामले में चौथे दिन बनी सहमति, परिजनों को मिलेंगे 75 लाख रुपए

**बीकानेर (खबर आस पास):** पीबीएम अस्पताल में डिलीवरी के बाद किडनी खराब होने के मामले में उपचार के दौरान हुई प्रसूता शारदा की मौत के मामले में पिछले चार दिनों से जारी गतिरोध आखिरकार समाप्त हो गया. जिला प्रशासन, कांग्रेस नेताओं और मृतका के परिजनों के बीच लंबी वार्ता के बाद सहमति बन गई है. समझौते के तहत मृतका के परिवार को कुल 75 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने पर सहमति बनी है.

बन गई बातः देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम ने बताया कि समझौते के तहत 50 लाख रुपए राज्य सरकार की ओर से तथा 25 लाख रुपए भामाशाहों और जनसहयोग से उपलब्ध कराने पर सहमति बनी है. इसके साथ ही मृतका के एक परिजन को संविदा के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग भी स्वीकार कर ली गई है. सहमति बनने के बाद धरने पर बैठे परिजन और समर्थक पोस्टमार्टम करवाने के लिए राजी हो गए हैं. पिछले चार दिनों से पीबीएम अस्पताल परिसर और मोर्चरी के बाहर परिजनों तथा कांग्रेस नेताओं का धरना जारी था. परिजन मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई, आर्थिक सहायता और परिवार के पुनर्वास की मांग कर रहे थे.

लगातार वार्ता से टूटा गतिरोधः इस पूरे घटनाक्रम को लेकर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस नेताओं और परिजनों के बीच कई दौर की वार्ताएं हुई. आखिरकार बुधवार को सभी पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद गतिरोध समाप्त हो गया. बिशनाराम सियाग ने सहमति बनने की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रशासन और परिजनों के बीच सभी प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई है. आर्थिक सहायता और रोजगार संबंधी मांग स्वीकार किए जाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हो गए हैं. दो की हो चुकी मौतः पीबीएम में प्रसूता प्रीति और प्रसूता शारदा की मौत के बाद यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया था. मामले को लेकर स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय लापरवाही और जवाबदेही को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे. अब सहमति बनने के बाद प्रशासन की ओर से आगे की कानूनी और चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी की जाएगी, वहीं जांच रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है.

## मां सरस्वती प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालस, बीकानेर के परिसर में स्थित मंदिर में पांच दिवसीय मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस महोत्सव पर आयोजित हवन, प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके परिजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा ने बताया कि मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का शुभारंभ 20 जून से प्रारम्भ होकर आज प्रातः 9 बजे हवन एवं वैदिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। इस अवसर पर शिवबाड़ी मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानन्द जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इसके पश्चात विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में माँ सरस्वती की प्रतिमा की विधिवत स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा की गई। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन एवं श्रद्धामय वातावरण से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित एवं उनकी पत्नी आरती दीक्षित ने माँ सरस्वती से प्रार्थना की कि उनकी कृपा से विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो तथा शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से इसी समर्पण और एकजुटता के साथ विश्वविद्यालय के सर्वांगीण उत्थान एवं विकास में योगदान देने का आह्वान किया। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में आचार्य राजेन्द्र जोशी, विश्वविद्यालय आई.क्यू.ए.सी. के सदस्य नरेश गोयल, पूजा मोहता एवं राजेश चूरा ने भी मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा में पूजा में प्रो. राजाराम चोयल एवं डॉ. गीता चोयल बैठे। विश्वविद्यालय कुलसचिव यशपाल आहूजा, वित्त नियंत्रक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी पूजा कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत पूर्णाहुति संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने माँ सरस्वती से ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की कामना करते हुए विश्वविद्यालय की उन्नति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## नशीली दवाओं में पकड़ा गया आरोपी था चिकित्सा विभाग का कार्मिक

**बीकानेर (खबर आस पास)।** शहर के मुक्ता प्रसाद पुलिस द्वारा हजारों प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार रविन्द्र सहारण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्यरत रह चुका है। इसके खिलाफ पूर्व में गजनेर थाने में प्रकरण संख्या 53/2025 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला भी दर्ज हो चुका है। जिस समय यह मामला दर्ज हुआ था यह सीएमएचओ ऑफिस में पदस्थापित था। आरोपी 20 दिसम्बर से 22 जनवरी तक स्वेच्छा से अवकाश पर चल रहा था। इस मामले में नाम आने के बाद इसे निष्काषित कर हाजरी डीडी ऑफिस में देने को आदेशित किया गया लेकिन एक दिन हाजिरी देने के बाद यह उपस्थित नहीं हुआ। मुक्ता प्रसाद थाना पुलिस की पकड़ में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसकी रिपोर्ट प्रदेश महकमे को भेज दी है। बता दें कि मुक्ताप्रसाद पुलिस थानाधिकारी विजेन्द्र सीला की टीम ने ऑपरेशन नीलकंठ के तहत टीम का गठन किया।एएनटीएफ बीकानेर के प्रभारी व औषधि नियंत्रण अधिकारी की सूचना पर पुलिस ने महादेव नगर में किराये के मकान में रहने वाले रविन्द्र सहारण पुत्र हेतराम को पकड़ा है। उसके पास से पुलिस ने 5400 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की हे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सिटी कोतवाली थानाधिकारी सविता डाल को दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में सुरेश कुमार, छगनलाल,गोमदराम,हेमसिंह शामिल रहे।

## श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में 25 जून को निर्जला एकादशी का मेला भरेगा इसके बाद पिंजारा समाज अखाड़ा लगाएगा

**बीकानेर (खबर आस पास)।** श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में 25 जून को निर्जला एकादशी का मेला भरेगा, पिंजारा समाज ने निर्जला एकादशी के मेले की समाप्ति के बाद अखाड़ा लगाने की सहमति दी। श्री लक्ष्मीनाथ मन्दिर में 25 जून को निर्जला एकादशी पर मेला लगेगा। श्री लक्ष्मीनाथ मन्दिर विकास एवं पर्यावरण समिति के सचिव सीताराम कच्छावा ने बताया कि 25 जून को सुबह 5 बजे से दोपहर 2 तथा शाम को 6 से रात 11 बजे तक मेला भरेगा। समिति द्वारा मेले में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए शर्बत की सेवा, शीतल जलसेवा, फ्री में जूता चप्पल जमा केंद्र, खोयापाया केंद्र तथा दर्शनार्थियों को लाइन में दर्शन करवाने की व्यवस्था, आदि सेवाएं प्रदान की जाएगी।

मंसूरी पिंजारा समाज संस्थान तथा श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के सदस्यों की मीटिंग हुए जिसमें मंसूरी पिंजारा समाज संस्थान ने निर्जला एकादशी मेले के कारण लक्ष्मीनाथजी की घाटी में लगने वाले अखाड़े को रात 11:30 बजे बाद चालू करने की स्वीकृति दी, ताकि मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानी ना हो, इस के लिए समिति के सचिव सीताराम कच्छावा ने उनका आभार प्रकट किया।इस मीटिंग मे कमाल दीन, मोहम्मद हनीफ, सीताराम कच्छावा,मोहम्मद हाजी बुंदू अली, नियाज मोहम्मद ,अब्बास अली,चांद मोहम्मद, छोटू अली,नरेंद्र गौड़,सोमेश माली, रामानंद गहलोत तथा फकरुद्दीन आदि शामिल थे। दोनों संप्रदाय के लोगों ने निर्जला एकादशी तथा मोहर्रम के मेले को पुलिस तथा प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्वक, मिलजुल कर, परस्पर सहयोग करते हुए मनाने का निर्णय लिया।

## उदयगिरि महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर पूजा-अभिषेक से गूंजा मंदिर परिसर,श्रद्धालुओं ने की आरती और बाबा से सुख-समृद्धि की कामना



(खबर आस पास)

**बीकानेर।** नत्थूसर गेट के बाहर हर्षो की समाधि स्थल में उदयगिरि महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को पूजा- अर्चना, अभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर दिनभर अभिषेक जे मंत्रोच्चार व जयकारों से गूंजता रहा। आकाशवाणी बीकानेर के उद्घोषक रहे स्व चंचल हर्ष के परिवार द्वारा स्थापित इस प्रतिमा के समक्ष सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। उदयगिरि महाराज के परम भक्त एवं क्यूबिशन कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर-प्रिंसिपल चंद्रेश हर्ष ने कहा कि उनके परिवार के लिए यह अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय है कि 138 वर्षों के बाद बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां आने वाले भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करते हैं और बाबा की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विशेष पूजा के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में करनीदान हर्ष, हरि नारायण हर्ष, रामकुमार पुरोहित, दाऊलाल छंगाणी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सांखला फाटक के पास स्थित दुकान से बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**बीकानेर।** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटीयू जयपुर के आदेशानुसार व महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश के निर्देशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमती अनुष्ठा कालिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सैल सुभाष गोदारा के सुपरविजन में टीम द्वारा बुधवार को ऑपरेशन उन्मान-7 के तहत कोटगेट सांखला फाटक के पास महालक्ष्मी स्टोर से एक बाल श्रमिक को मुक्त करवाकर पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया व दुकान के मालिक के खिलाफ पुलिस थाना कोटगेट, बीकानेर में धारा 3, 7, 11, 14 (बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986) व धारा 79 जे.जे एक्ट 2015 व धारा 146 बीएनएसएस 2023 के तहत प्रकरण दर्ज करवाया गया है।कार्यवाही करने वाली टीम में रेणुबाला, पुलिस निरीक्षक, प्रभारी मानव तस्करी विरोधी एवं गुमशुदा व्यक्ति प्रकोष्ठ, शिशपालराम, सहायक उप-निरीक्षक,रामनिवास, कानि शामिल रहे।

## अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों से एनएमडीएफसी ऋण योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के माध्यम से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) की विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार कालवा ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी) से संबंधित पात्र अभ्यर्थी शिक्षा ऋण, स्वरोजगार ऋण एवं अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन 30 जून 2026 तक निगम की वेबसाइट http://milannmd-fc.org पर कर सकते हैं। आवेदन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश एवं पात्रता संबंधी जानकारी राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग की वेबसाइट https//minority.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्रक्रिया एवं योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0151-2201009 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर कार्यशाला 26 जून को

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर 26 जून को प्रातः 10:15 बजे टी.बी. क्लिनिक के सभागार में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (नगर) रीना ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के अधिकारियों, प्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों को कार्यशाला में आमंत्रित किया गया है।

## निर्जला एकादशी को रहेगा स्थानीय अवकाश

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** वर्ष 2026 के लिए दो स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश अनुसार वर्ष 2026 में 25 जून 2026 (गुरुवार) को निर्जला एकादशी तथा 6 नवंबर 2026 (शुक्रवार) को धनतेरस के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

## श्री कोडमदेसर भैरवनाथ मंदिर परिसर में जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण अभियान के दूसरे चरण का हुआ शुभारम्भ, 'भैरव उद्यान' का किया नींव पूजन

बीकानेर। बीकानेर से करीब 25 किमी दूर श्री कोडमदेसर भैरुनाथ मंदिर परिसर में तालाब जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण अभियान के दूसरे चरण का बुधवार को विधिवत् शुभारम्भ नींव पूजन से किया गया। कम्यूनिटी वेलफेयर सोसायटी के कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि नींव पूजन कार्यक्रम में शहर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, उद्योगपति राजेश चूरा, कमल आचार्य, श्याम चौधरी, चंद्रमोहन जोशी, रामेश्वर गहलोत, अनंत श्रीमाली, दीपक सोलंकी, भगवान गहलोत, आशुराम गहलोत, भीम सेवग एवं रोहन मोदी सहित अनेक भैरव भक्त उपस्थित रहे। सोसायटी के संरक्षक राजकुमार किराडू ने बताया कि अभियान के इस दूसरे चरण में भैरव उद्यान परियोजना के अंतर्गत हरियाली विकास, आकर्षक पाथवे, बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को सुदृढ़ करने वाले विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मंदिर परिसर को आस्था, पर्यावरण एवं पर्यटन का एक आदर्श केंद्र बनाना है। यह आस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर के निर्माण का प्रयास है। उन्होंने बताया कि जनसहयोग एवं भैरव भक्तों के सहयोग से सरोवर जीर्णोद्धार कार्य तेजी से आगे बढ़ा है और अब उद्यान विकास के माध्यम से सम्पूर्ण परिसर को एक नई पहचान प्रदान की जाएगी।

## ELV वाहनों को लेकर परिवहन विभाग का बड़ा फैसला,

**बीकानेर (खबर आस पास)।** अब स्वतः घोषित होंगे 'एंड ऑफ लाइफ व्हीकल', 'यदि किसी वाहन की फिटनेस समाप्त होने के 180 दिन बाद तक नई फिटनेस नहीं कराई जाती। है, तो वह वाहन पोर्टल पर स्वतः End of Life Vehicle (ELV) घोषित हो जाएगा। यदि फिटनेस जांच के दौरान वाहन अनफिट घोषित हो जाता है, और 180 दिनों के भीतर फिटनेस प्राप्त नहीं करता है। तब भी उसे ELV की श्रेणी में माना जाएगा, हालांकि विशेष परिस्थितियों में पंजीयन प्राधिकारी अपनी संतुष्टि के आधार पर 180 दिन की अवधि बढ़ा सकता है'

## ट्रेलर से भिड़ी अल्टो कार, दो युवकों की मौके पर मौत; एक गंभीर घायल

**चूरू (खबर आस पास)।** चूरू जिले के तारानगर तहसील अंतर्गत भालेरी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुचावास और तोगावास गांवों के बीच अल्टो कार और ट्रेलर की टक्कर में हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत

भालेरी थाना पुलिस के अनुसार हादसे में अल्टो कार सवार प्रदीप पुत्र दयानंद जांगिड़ (25) निवासी मानपुरा और प्रवीण पुत्र देबूराम जाट (27) निवासी मानपुरा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों को बचाने का मौका नहीं मिल सका।

### एक युवक गंभीर रूप से घायल

हादसे में महेश पुत्र राजकुमार जांगिड़ (25) निवासी बुगी, तहसील राजगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए राजकीय अस्पताल तारानगर ले जाया गया।

चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### पुलिस जुटी जांच में

पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए तारानगर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई जारी है।